## -::आवश्यक सूचना::-

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा सत्र 2026-27 में सामान्य / पिछड़ावर्ग/ अल्पसंख्यक / अनुसूचित जाति /जनजाति की छात्राओं के लिए " **प्रगति और सक्षम छात्रवृत्ति**" योजना चलाई जा रही है। जिसके अन्तर्गत प्रथम वर्ष में प्रवेशित पात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आवेदन फार्म National Scholarship Portal के द्वारा आनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगें। फार्म भरने की **अन्तिम तिथि 30.09.2026** है।

**प्रगति और सक्षम छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पात्रता निम्नवत है:-**

1. ऐसी छात्राएं जिन्होनें प्रवेश प्रक्रिया ( Jeecup counselling ) के माध्यम से प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो।
2. जिनकी पारवारिक आय रू0 8 लाख प्रतिवर्ष से अधिक न हो।
3. प्रत्येक परिवार में 2 ही बालिकाएं पात्र होगीं।
4. प्रगति और सक्षम बालिका के तहत प्रगति छात्रवृत्ति हेतु केवल बालिकाएं ही आवेदन कर सकती हैं।

अत:इच्छुक छात्राएं आनलाइन आवेदनपत्र National Scholarship Portal के माध्यम से दिनांक **30 सितम्बर 2026** तक भराते हुए निम्नलिखित संलग्नक सहित फार्म की हार्ड कापी कार्यालय में छात्रवृत्ति प्रभारी (श्री गोपाल जी यादव) के पास जमा कर दें।

- **नोट- नियमानुसार सिर्फ एक ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है इसलिए छात्रवृत्ति का आवेदन करते समय यह ध्यान रखा जाये कि एक ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जाए यदि किसी छात्रा के द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति या प्रगति छात्रवृत्ति दोनों के लिए आवेदन किया जाता है तो ऐसी स्थिति में दोनों आवेदन संस्था द्वारा निरस्त कर दिये जाएंगें । जो छात्राएं विगत वर्ष में अनुत्तीर्ण हो गयी हैं वे छात्राएं किसी भी छात्रवृत्ति हेतु अर्ह नहीं है।**

**संलग्नक:-**

- हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट अंकतालिका की छात्राप्रति ।
- अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की इन्टरनेट प्रति।
- एलॉटमेन्ट लेटर की प्रति।
- प्रवेश शुल्क जमा रसीद की छायाप्रति।
- बैंक पास बुक प्रथम विवरण पेज की छायाप्रति।
- जाति प्रमाण पत्र (केवल SC /ST / OBC ) की इन्टरनेट प्रति ।
- आधारकार्ड की छायाप्रति।
- अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर किया गया शपथ -पत्र ।

27/8/26
रश्मि शुक्ला
प्रधानाचार्य
प्रधानाचार्य राजकीय महिला पालीटेक्निक अमेठी

कार्यालय - प्रधानाचार्य राजकीय महिला पालीटेक्निक , अमेठी ।
पत्रांक: 954-56 / छात्रवृत्ति / प्रगति एवं सक्षम बालिका / 2026-27 दिनांक - 27 अगस्त 2026
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु : -

1. श्री शशि प्रकाश गुप्ता, व्याख्याता भौतिकी / नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति।
2. प्रथम वर्ष की समस्त कक्षाओं में चक्रण हेतु।
3. सूचनापट्ट- संस्थागत ।

27/8/26
रश्मि शुक्ला
प्रधानाचार्य
प्रधानाचार्य राजकीय महिला पालीटेक्निक अमेठी

27.8.26